भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *64

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

करूर और कोयम्बटूर के बीच ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजना

*64. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) करूर और कोयम्बटूर के बीच ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजना की स्थिति और उक्त परियोजना के लिए अधिगृहीत की गई भूमि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या परियोजना पूरी हुए बिना ही करूर और कोयम्बटूर के बीच पथकर वसूला जा रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) वेल्लाकोइल-संकरी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-381ए की स्थिति और उक्त परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

“करूर और कोयम्बटूर के बीच ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजना” के संबंध में श्री माथेश्वरन वी. एस. द्वारा पूछे गए दिनांक 04.12.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *64 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) करूर और कोयम्बटूर के बीच की परियोजना के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरु कर दिया गया है। इस परियोजना के कार्यान्वयन का निर्णय डीपीआर के परिणाम, पारस्परिक प्राथमिकता, बजट आवंटन और पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाएगा।

(ख) एनएच-81 के पूरे हो चुके पल्लाडम-कुरुकाथी चार लेन खंड के पोंगालुर टोल प्लाजा पर दिनांक 27.11.2025 से टोल संग्रहण शुरु किया जा चुका है।

(ग) एनएच-381ए के वेल्लाकोइल-संकरी खंड की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य शुरु हो गया है। इस खंड के संरेखण को अनुमोदित कर दिया गया है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरु कर दी है। यह परियोजना डीपीआर के परिणाम, पारस्परिक प्राथमिकता, बजट आवंटन और पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर कार्यान्वित की जाएगी।

*****